**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 4578**
**गुरुवार, 27 मार्च, 2025 (6 चैत्र, 1947 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर**

## क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सार्वजनिक-निजी भागीदारी

**4578. श्री अनूप संजय धोत्रेः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार क्षेत्रीय हवाई संपर्क पहलों को समर्थन देने के लिए किस प्रकार सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा दे रही है;

(ख) निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्षेत्रीय हवाई संपर्क पहलों को पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल, सामाजिक रूप से समावेशी और आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (ग)**:** आरसीएस-उड़ान योजना के अंतर्गत, निजी एयरलाइन ऑपरेटरों को वीजीएफ समर्थन और केंद्र सरकार, राज्य सरकार और निजी हवाईअड्डा प्रचालको सहित हवाईअड्डा प्रचालको द्वारा दी जाने वाली कई रियायतों के माध्यम से क्षेत्रीय और दूरस्थ संपर्कता प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। आरसीएस (क्षेत्रीय संपर्क योजना) के लिए वीजीएफ का वित्तपोषण एयरलाइनों द्वारा कुछ घरेलू मार्गों पर लगाए गए शुल्क के माध्यम से किया जाता है। एयरलाइनों को अपने मार्गों को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाए रखने में सहायता करने के उद्देश्य से सरकार ने आरसीएस-उड़ान के तहत कई उपाय किए हैं, जैसे;

i. व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण: उड़ान मार्गों का परिचालन करने वाले चयनित एयरलाइन प्रचालकों को व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) से परिचालन लागत और अर्जित राजस्व के बीच के अंतर को पूरा करने में मदद मिलती है।

ii. मार्ग विशिष्टता: अवार्ड किए गए आरसीएस मार्गों पर चयनित एयरलाइन प्रचालकों (एसएओ) को परिचालन की विशिष्टता।

iii. ईंधन कर लाभ: आरसीएस हवाईअड्डों पर एसएओ द्वारा लिए गए एटीएफ पर 2% की दर से उत्पाद शुल्क और कम दरों पर वैट (अधिकांश राज्यों द्वारा 1 से 4%) लगाया जाता है।

iv. हवाई अड्डा शुल्क सब्सिडी: हवाईअड्डा प्रचालक लैंडिंग और पार्किंग शुल्क नहीं लगाएंगे, एएआई टर्मिनल नेविगेशन लैंडिंग शुल्क (टीएनएलसी) में छूट देगा और आरसीएस उड़ानों पर

सामान्य दरों के 42.50% की दर से रियायती आधार पर रूट नेविगेशन और सुविधा शुल्क (आरएनएफसी) लगाएगा।

v. सेल्फ-ग्राउंड हैंडलिंग: एसएओ को सभी हवाईअड्डों पर योजना के अंतर्गत परिचालन के लिए सेल्फ-ग्राउंड हैंडलिंग की अनुमति दी गई है।

आरसीएस ने क्षेत्रीय विमानन को आवश्यक प्रोत्साहन दिया है, जिससे संतुलित विकास को बढ़ावे के साथ सामाजिक-आर्थिक लाभ प्राप्त हुए हैं। दूरदराज और अल्पसेवित क्षेत्रों की संपर्कता में सुधार, पर्यटन, व्यापार और रोजगार को बढ़ावा मिला है। उड़ान योजना ने दूरदराज के क्षेत्रों के आर्थिक विकास को गति प्रदान की है और देश भर में आर्थिक गतिविधियों में अधिक न्यायसंगत और समावेशी विकास में योगदान दिया है। इससे औद्योगिक केंद्रों, पर्यटन स्थलों तक बेहतर संपर्कता के साथ व्यवसायों को बढ़ावा मिला है और व्यापार को अधिक प्रभावशाली बनाया है।

देश के 32 राज्यों में 2.97 लाख से अधिक आरसीएस उड़ानों में 149 लाख से अधिक घरेलू यात्रियों ने यात्रा की है।

*****